सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-349, पृष्ठ : 12 | शनिवार, 28 जून, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## कांटा लगा फेम शेफाली जरीवाला का निधन



मुंबई पुलिस परिजन और हाउसहेल्पर से पूछताछ कर रही

दावा- कार्डियक अरेस्ट से हुई मौत

**मुंबई।** रीमेक सॉन्ग कांटा लगा गाने से मशहूर हुईं एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का 42 साल की उम्र में निधन हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 27 जून की रात उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया, जिससे उनकी मौत हो गई।

मुंबई पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। शेफाली जरीवाला के घर पर फोरेंसिक टीम पहुंच चुकी है और सबूत जुटाए जा रहे हैं। वहीं, अंबोली पुलिस स्टेशन में घर की मेड और कुक से पूछताछ की गई है। परिजन के भी बयान लिए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, शेफाली को बेहोशी की हालत में उनके पति और एक्टर पराग त्यागी, के साथ तीन अन्य लोग शुक्रवार रात मुंबई के अंधेरी स्थित बेलेव्यू अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के रिसेप्शन स्टाफ ने पुष्टि की है कि शेफाली को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था।

### कोलकाता के लॉ कॉलेज में गैंगरेप मामला, गार्ड गिरफ्तार

# मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि शरीर पर काटने, खरोंच के निशान

**कोलकाता।** कोलकाता के लॉ कालेज में गैंगरेप की पीड़ित छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हो गई है। मेडिकल जांच कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में की गई थी।

कस्बा पुलिस के अधिकारी के मुताबिक पीड़ित के साथ जबरदस्ती करने, शरीर पर काटने और नाखून से खरोंचने के निशान मिले हैं। उससे मारपीट की भी पुष्टि हुई है। गैंगरेप केस के तीनों आरोपियों को कोर्ट ने शुक्रवार को 1 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने 26 जून को 2 आरोपियों और तीसरे आरोपी को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया था। वहीं लॉ कॉलेज के गार्ड पिनाकी बनर्जी (55) को भी शनिवार को अरेस्ट कर लिया गया।

टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने घटना को लेकर विवादित बयान दिया। बनर्जी ने कहा- अगर कोई दोस्त अपने दोस्त के साथ बलात्कार करता है



तो क्या किया जा सकता है।

घटना 25 जून को हुई थी, वारदात कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर के गार्ड रूम में हुई थी। आरोपियों में मनोजीत मिश्रा (31), जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) शामिल हैं। मनोजीत मुख्य आरोपी है और कॉलेज का पूर्व छात्र है। जबकि जैब और प्रमित कॉलेज के छात्र हैं।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित ने शिकायत में कहा है कि आरोपियों ने 25 जून को शाम 7.30 बजे से रात 10.50 बजे तक उसके साथ रेप किया। बुरी तरह मारपीट भी की।

एक समय तो वह ठीक से सांस नहीं ले पा रही थी और उसने आरोपी से उसे पास के अस्पताल में ले जाने का अनुरोध किया। लेकिन आरोपियों ने इसे अनसुना कर दिया।

फिर उसे यूनियन रूम में ही बंद रखा। बाद में उसने एक इनहेलर मांगा, जिसे वे मेडिकल स्टोर से लाए।

पीड़ित ने शिकायत में कहा- मनोजीत ने मुझे शादी का ऑफर दिया था, लेकिन मैंने पहले से बॉयफ्रेंड होने की बात उसे बताई थी। कहा था कि मैं उससे ही प्यार करती हूं।

आरोपियों ने रेप का वीडियो भी बनाया। उसे हॉकी से मारने की कोशिश भी की। छोड़ते वक्त मुझे वीडियो वायरल करने की धमकी दी।



## जगन्नाथ पुरी रथ यात्राः गुंडिचा मंदिर पहुंचा बलभद्र का रथ

ओडिशा के पुरी में सालाना जगन्नाथ यात्रा का आज दूसरा दिन है। आज 10 बजे फिर रथयात्रा शुरू हो गई। तीनों रथ भक्तों ने खींचना शुरू कर दिए हैं और 11.20 बजे भगवान बलभद्र का रथ तालध्वज गुंडिचा मंदिर पहुंच गया है। मुख्य मंदिर से गुंडिचा मंदिर करीब 3 किमी दूर है। ये भगवान की मौसी का घर है। हर साल महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा 9 दिनों तक यहां रहते हैं। इसके बाद बहुड़ा यात्रा के रूप में अपने मुख्य मंदिर लौट आते हैं। बहुड़ा यात्रा 5 जुलाई को निकलेगी।

## जयपुर-आगरा हाईवे पर चार की मौत

**रोहतक।** रोहतक के खेड़ी साध निवासी एक परिवार के चार लोगों की मेंहदीपुर बालाजी से लौटते समय हादसे में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद गांव से पांच गाड़ियों में भरकर परिवार के लोग राजस्थान के लिए रवाना हो गए। आईएमटी थाना पुलिस ने बताया कि खेड़ी साध गांव निवासी प्रमिला (46) अपने बेटे दिपांशु (21) बेटी साक्षी (17) और पड़ोसी राजबाला (60) के साथ एक कार में सवार होकर राजस्थान के मेंहदीपुर बाला दर्शन करने के लिए गए थे। जबकि उनके पड़ोस से ही एक कार में अन्य लोग भी गए थे। दोनों कार में सवार होकर सात लोग जयपुर-आगरा हाइवे से वापस आ रहे थे। रास्ते में हाईवे पर खड़े एक केंटर में दिपांशु की कार जा टकराई और सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उनको मृत घोषित कर दिया। दिपांशु के बीमार पिता की एक माह पहले ही मौत हुई थी।



# लैंडस्लाइड के चलते केदारनाथ हाईवे फिर बंद

## नॉर्थ ईस्ट में 5 दिन से रेल कनेक्टिविटी टूटी; मुंबई में हाई टाइड से सड़कों को नुकसान






**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने आज देश के 31 राज्यों में बारिश की चेतावनी जारी की है। वढ-बिहार समेत देश के 27 राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट है। वहीं, उत्तराखंड, गुजरात, महाराष्ट्र (मध्य), केरल में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

उत्तराखंड के सोनप्रयाग में शुक्रवार देर रात तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई। इस वजह से केदारनाथ हाईवे बंद हो गया है। रास्ते से मलबे को हटाने का काम जारी है। पुलिस ने यात्रियों को कुछ दूर पहले सुरक्षित स्थान पर ही रोक लिया है।

राजस्थान के 29 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। शुक्रवार को जैसलमेर, जयपुर, सीकर, अलवर समेत 25 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश हुई। वहीं, बिजली गिरने से बूंदी में एक युवक और महिला, सिरोही में बच्चे और डूंगरपुर में युवक की मौत हो गई।

महाराष्ट्र में तेज बारिश जारी है। मुंबई में समुद्र में हाई टाइड उठ रहा है। इस वजह से समुद्र किनारे की सड़कों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, महाराष्ट्र के चंद्रपुर का ताड़ोबा अंधारी टाइगर रिजर्व का मेन एरिया मानसून की वजह से 1 जुलाई से तीन महीने के लिए पर्यटकों के लिए बंद किया गया है।

त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर, असम (दक्षिण) में रेलवे लाइन पर कई जगहों पर तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई है। इस वजह से शुक्रवार को लगातार पांचवे दिन ट्रेन सर्विस बाधित रही। वहीं, केरल में इडुक्की जिले का मुल्लापेरियार बांध का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जो 135.35 फीट हो गया है और जल्द ही 136 फीट के खतरे के निशान को छू सकता है।

29 जून के मौसम का अनुमान दिल्ली-एनसीआर में मानसून की औपचारिक शुरूआत होने की संभावना है। हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद है, जिससे तापमान में कमी आएगी। उत्तर प्रदेश में तेज से बारिश की संभावना है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बादल फटने और लैंडस्लाइड की चेतावनी है। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश में तेज बारिश जारी रहेगी। बिहार, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात में भारी बारिश हो सकती है। कर्नाटक, केरल, गोवा, कर्नाटक, केरल में तेज बारिश होगी।

### बांग्लादेश के दुर्गा मंदिर में तोड़फोड़

## हिंदू एकजुट, सड़कों पर किया प्रदर्शन



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में स्थित दुर्गा मंदिर के कथित विध्वंस की घटना पर भारत की कड़ी निंदा के बाद हिंदू एकजुट हो गया है। ढाका में सैकड़ों हिंदुओं ने शुक्रवार को सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। इससे एक दिन पहले भारत के विदेश मंत्रालय ने ढाका के दुर्गा मंदिर में हुए तोड़फोड़ सख्त निंदा की थी। भारत ने कहा था कि धार्मिक अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं, और उनके धार्मिक स्थलों की रक्षा करना बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि भारत को जानकारी मिली है कि ढाका के खिलखेत इलाके में स्थित दुर्गा मंदिर को चरमपंथी तत्वों द्वारा निशाना बनाया जा रहा था। उन्होंने कहा, हमें यह जानकर गहरी निराशा हुई कि मंदिर को गिराने की मांगों के बीच, अंतरिम सरकार ने इसे अवैध भूमि उपयोग का मामला बताया और विध्वंस की अनुमति दे दी। इससे मूर्ति को स्थानांतरित करने से पहले ही उसे नुकसान पहुंचा।

भारत ने दोहराया कि बांग्लादेश में लगातार हो रही ऐसी घटनाएं चिंता का विषय हैं और इससे वहां की धार्मिक सहिष्णुता पर सवाल खड़े होते हैं। जायसवाल ने जोर दिया कि बांग्लादेश सरकार की ज़िम्मेदारी है कि वह हिंदू समुदाय, उनकी संपत्तियों और उनके धार्मिक स्थलों की पूरी तरह से रक्षा करे। ढाका में इस घटना को लेकर हिंदू समुदाय और नागरिक संगठनों ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार को जबरदस्त विरोध प्रदर्शन भी किया है। भारत में भी कई सामाजिक संगठनों ने इस घटना को लेकर आवाज उठाई है।

## यूपी में पंचायत चुनाव की तैयारी तेज, परिसीमन आज से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनावों की तैयारियां और तेज कर दी गई हैं। ग्राम पंचायतों के परिसीमन की प्रक्रिया शनिवार से शुरू होगी। ग्राम पंचायतवार जनसंख्या का निर्धारण 28-30 जून के बीच होगा। प्रस्तावित वार्डों पर आपत्तियां 4 जुलाई से 8 जुलाई के बीच ली जाएंगी।

इसके लिए शासन ने विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। अगले साल अप्रैल-मई में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होंगे। राज्य में नई नगर पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम बनाए जाने और पुराने निकायों के सीमा विस्तार के कारण प्रभावित ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन होगा। शासन के उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक, सभी जिलों से पुनर्गठन की प्राथमिक सूचना मिल चुकी है। अब निर्वाचन प्रक्रिया के अगले चरण में प्रभावित जिलों में संबंधित ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के वार्डों के आंशिक परिसीमन के संबंध में आपत्तियां लेने, उनके निस्तारण और अंतिम सूची के प्रकाशन के लिए समयसारिणी निर्धारित कर दी गई है। इसके अनुसार, ग्राम पंचायतवार जनसंख्या का निर्धारण 28-30 जून के बीच किया जाएगा। ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की प्रस्तावित सूची की तैयारी और उसका प्रकाशन 1 जुलाई से 3 जुलाई के मध्य होगा।

## छह साल की चचेरी बहन से बाग में दरिंदगी

**उन्नाव।** जिले से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। औरास थाना इलाके के एक गांव में गुरुवार रात छह साल की बच्ची की उसके चचेरे भाई ने दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। हत्या करने के बाद आरोपी ने बच्ची के शव को गांव के पास ही नहर की पुलिया में छिपा दिया था।

शुक्रवार सुबह पुलिस ने फॉरेंसिक टीम और स्निफर डॉग की मदद से तलाश शुरू की। दोपहर पर करीब दो बजे नहर माइनर में पानी छोड़ा गया तो शव बहकर बाहर आ गया।

औरास थाना के एक गांव निवासी छह साल की बच्ची गुरुवार रात करीब आठ बजे घर के पास ही अहाते में सो रहे बाबा को पीने के लिए पानी देने गई थी। इसके बाद घर नहीं लौटी। बाबा के पास सो जाने की आशंका पर पिता, उसे देखने गया तो वह नहीं मिली।

परिजनों और ग्रामीणों ने रात भर घर के आसपास के नालों, तालाब और झाड़ियों में तलाश की लेकिन पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह जानकारी पर कार्यवाहक थानाध्यक्ष मो. इरशाद पहुंचे और फॉरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वायड को बुलाकर तलाश शुरू की।

खोजी कुत्ता घटनास्थल से 400 मीटर दूर जाने के बाद लौट आया। दोपहर करीब 2:30 बजे पुलिस और परिजन बच्ची की तलाश कर रहे थे तभी घर से करीब 600 मीटर दूर नहर माइनर में शव बहता देखा गया। ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

## 'जरूरत पड़ी तो ईरान पर फिर बरसाएंगे बमः ट्रंप



**वाशिंगटन डीसी।** इजरायल और ईरान युद्ध के दौरान अमेरिका ने ईरान के तीन न्यूक्लियर साइट पर हमला किया था। इसके बाद से ट्रंप अपने विरोधियों के निशाने पर हैं। अमेरिका के सीनेट ( कांग्रेस का ऊपरी सदन) में इसको लेकर बहस भी हुई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान पर आगे बढ़ने से रोकने के लिए सीनेट में विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक पार्टी का प्रयास शुक्रवार को विफल हो गया।

रिपब्लिकन पार्टी ने कांग्रेस द्वारा ईरान के न्यूक्लियर साइट पर अमेरिकी हमलों के बाद अपनी युद्ध शक्तियों को फिर से स्थापित करने के पहले प्रयास को चिह्नित करने वाले प्रस्ताव का विरोध किया। वर्जीनिया के सीनेटर टिम कैन द्वारा लिखित प्रस्ताव का उद्देश्य यह पुष्टि करना था कि ईरान के खिलाफ और अधिक सैन्य कार्रवाई शुरू करने से पहले ट्रंप को कांग्रेस से अनुमति लेनी चाहिए।

शुक्रवार को यह पूछे जाने पर कि क्या वह आवश्यक समझे जाने पर फिर से ईरान के न्यूक्लियर साइट पर बमबारी करेंगे। इस पर डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'हां, जरूर बिना किसी सवाल के।' वहीं, सीनेट में इस प्रस्ताव के पारित होने को एक लंबी कोशिश के रूप में देखा गया है।

सीनेट में रिपब्लिकन के पास 53-47 का बहुमत है। वे ईरान पर हमला करने के राष्ट्रपति के फैसले के समर्थन में भारी संख्या में खड़े हैं। अधिकांश लोगों का कहना है कि ईरान एक बड़ा खतरा है। इसके लिए ट्रंप से निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने कांग्रेस की मंजूरी लिए बिना पिछले हफ्ते तीन ईरान के तीन न्यूक्लियर साइट पर बमबारी करने के उनके फैसले का समर्थन भी किया है।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNi हर खबर पर पक्की नज़र

न्यूज नेक्स्ट इंडिया

आगरा ब्रज

शनिवार, 28 जून, 2025

www.nnindianews.com



# ट्रक से टकराई बस, 3 की मौत

## फिरोजाबाद में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर सुबह-सुबह हुआ हादसा

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर थाना नागला खंगर क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। दिल्ली से जालौन जा रही फौजी ट्रैवल्स की प्राइवेट स्लीपर बस ने आगे चल रहे टाइल्स से भरे ट्रक में टक्कर मार दी। हादसे में बस का अगला हिस्सा और बाईं तरफ का भाग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

बस में करीब 50 यात्री सवार थे। हादसे में तीन लोग बस से नीचे गिर गए। घायलों में अंशुल (कस्बा थाना कोच, जालौन), उमा देवी (पश्चिम विहार, दिल्ली) और यशिका सिरोथिया (स्टेशन रोड तुलसी नगर, उरई) शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल अंशुल और उमा देवी को पीजीआई सैफई रेफर किया गया है।



यशिका का मौके पर ही प्राथमिक उपचार किया गया। घटनास्थल पर यूपीडा गश्ती दल, डायल 112, थाना नगला खंगर पुलिस और एटलस सेफ्टी टीम मौजूद रही।

राहत कार्य के दौरान बाकी यात्रियों को दूसरी बसों में स्थानांतरित कर दिया गया। क्षतिग्रस्त बस को किलोमीटर 76 पर ले जाया गया और यातायात सामान्य कर दिया गया। बस चालक राहुल की पहचान की गई है। हादसा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 68+300 एलएचएस पर हुआ। घायलों को एसएसडी और एटलस एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। एसपी ग्रामीण त्रिगुण विशेन ने बताया कि हादसे में बिजेंद्र उर्फ पप्पू निवासी उरई सहित 3 की मौत हो गई है जबकि 3 लोग घायल हुए हैं। बाकी दो मृतकों की पहचान कराई जा रही है।

# करंट लगने से दो बिजली कर्मियों की मौत

एनएनआई

**मथुरा।** वृंदावन में शुक्रवार की शाम परिक्रमा मार्ग स्थित राधेश्याम आश्रम में ट्रांसफार्मर के मीटर रूम में रुटीन चेकिंग के दौरान करंट लगने से दो बिजली कर्मियों की मौत हो गई।

राधेश्याम आश्रम के प्रबंधक धर्मवीर शर्मा ने जानकारी दी कि आश्रम परिसर में एक ट्रांसफार्मर कक्ष स्थित है, जिसमें शुक्रवार को रुटीन जांच के लिए एसडीओ संदीप वार्ष्णेय, जेई (मीटर) ऋषभ, तथा प्राइवेट विद्युतकर्मी विनोद, हरेंद्र और रामू पहुंचे थे। टीम ने पहले लाइन का शटडाउन लिया और उसके बाद जांच का कार्य प्रारंभ किया। जब लाइन को दोबारा चालू किया गया उसी समय चेकिंग कर रहे विद्युतकर्मी विनोद और हरेंद्र को अचानक तेज करंट लग गया। दोनों कर्मियों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे की खबर मिलते ही बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए।

घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। साथ ही मृत कर्मियों के परिजनों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया गया है। विद्युत विभाग की टीम जांच कर रही है कि लाइन चालू कैसे हुई और किसकी गलती से यह हादसा हुआ लेकिन यह मामला कार्य प्रणाली में चूक और सुरक्षा व्यवस्था की कमी की ओर इशारा करता है।



मथुरा के चौमुहां में हाइटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से थाना जैंत के सामने कबाड़ में खड़े डीजल के खाली टैंकर में आग लग गई। आग की खबर लगते ही पुलिसकर्मियों में अफरा तफरी मच गई। आनन फानन में फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाकर आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। वरना अन्य वाहनों में आग लगती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### डीएम के ड्राइवर की बेटी का हत्यारोपी बोला

# हमारा अफेयर था, मंदिर में की थी शादी

एनएनआई

**हाथरस** डीएम के ड्राइवर की बेटी की हत्या के आरोपी को पुलिस ने पैर में गोली मारकर पकड़ा। पुलिस पूछताछ में एक लाख के इनामी गुलशन ने बताया- कल्पिता के साथ उसका 5 साल से प्रेम संबंध था।

उसका दावा है कि 3 साल पहले उसने हाथरस के बिसाना स्थित तारागढ़ मंदिर में कल्पिता के साथ शादी की थी। इसके बाद वह अपने क्लास में पढ़ने वाले एक लड़के से बात करने लगी। उसने गुलशन से बात करना बंद कर दिया था।

पुलिस ने गांव नयाबास अहबरनपुर रोड पर आरोपी का एनकाउंटर किया। आरोपी पर डीएम के ड्राइवर राकेश कुमार की बेटी कल्पिता की हत्या का आरोप है। पुलिस को कई दिनों से आरोपी की तलाश थी। पुलिस ने कहा था- गुलशन लड़की से एकतरफा प्यार करता था पुलिस इस मामले में तीन अन्य आरोपियों नवीन, अभिषेक और भारत को भी गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस का कहना था कि कल्पिता का रिश्ता तय हो गया था। गुलशन उससे एकतरफा प्यार करता था और जबरन शादी का दबाव बना रहा था। कल्पिता ने जब शादी से इनकार कर दिया तो गुलशन ने उसकी कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर हत्या कर दी।

वहीं गुलशन का दावा है कि उसके और कल्पिता के प्रेम संबंध की जानकारी उसकी भाभी ज्योति को भी थी। गुलशन की उससे बातचीत भी होती थी। पिछले कुछ समय से कल्पिता उससे बातचीत नहीं कर रही थी।

# मथुरा में डबल मर्डर

## छोटे भाई और भतीजी की चाकुओं से गोदकर हत्या

एनएनआई

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान के गेट नंबर तीन के समीप घरेलू विवाद को लेकर बड़े ने छोटे भाई व भतीजी की चाकुओं से गोद कर हत्या कर दी। डबल मर्डर से स्वजन की चीख पुकार निकल पड़ी। इससे क्षेत्र अफरातफरी मच गई। पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

गोविंद नगर के श्रीकृष्ण जन्मस्थान के गेट नंबर तीन के समीप दो सगे भाई खिल्लन और संजय का मकान को लेकर दो वर्ष से विवाद चल रहा है। शुक्रवार रात आठ बजे इसी को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। स्वजन ने दोनों को शांत करा दिया। खिल्लन बाहर चला गया था।





**देर रात लौटा और दिया घटना को अंजाम**

देर रात वह वापस घर आया और छोटे भाई संजय और उसकी 18 वर्ष की बेटी अंजलि को चाकुओं से गोद दिया। अंजलि की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वारदात के बाद आरोपित गेट नंबर तीन के पास से फरार हो गया। इधर घर में चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान संजय ने भी दम तोड़ दिया।

एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि दो सगे भाइयों का झगड़ा हुआ था। इसमें पिता पुत्री की मृत्यु हुई है। आरोपित की तलाश में टीम लगाई है। शिकायत मिलने पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

देर रात वह वापस घर आया और छोटे भाई संजय और उसकी 18 वर्ष की बेटी अंजलि को चाकुओं से गोद दिया। अंजलि की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वारदात के बाद आरोपित गेट नंबर तीन के पास से फरार हो गया। इधर घर में चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान संजय ने भी दम तोड़ दिया। एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि दो सगे भाइयों का झगड़ा हुआ था। इसमें पिता पुत्री की मृत्यु हुई है। आरोपित की तलाश में टीम लगाई है। शिकायत मिलने पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# एडीए का रिटायर्ड बाबू निकला करोड़पति

## आय से अधिक संपत्ति मामले में फंसा




1.91 करोड़ रुपये का नहीं दे सका कोई हिसाब

एनएनआई

**आगरा।** आय से अधिक संपत्ति मामले में आगरा विकास प्राधिकरण से सेवानिवृत्ति बाबू फंस गए हैं। विजिलेंस की टीम द्वारा की गई पूछताछ में बाबू 1.91 करोड़ रुपये का कोई हिसाब नहीं दे सका।

आगरा विकास प्राधिकरण से सेवानिवृत्ति बाबू हरिओम शर्मा आय से अधिक संपत्ति के मामले में फंस गए हैं। विजिलेंस आगरा सेक्टर थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में केस दर्ज किया गया है। उन्होंने अपने सेवाकाल में 1.91 करोड़ रुपये की अधिक संपत्ति अर्जित की, जिसका वे कोई हिसाब नहीं दे सके।

हरिओम शर्मा इंद्रापुरम, सदर के रहने वाले हैं। एसपी विजिलेंस आलोक शर्मा ने बताया कि हरिओम के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत 3 साल पहले की गई थी। इस संबंध में 22 जून 2022 को शासन ने खुली जांच के निर्देश दिए। खुली जांच के बाद 28 फरवरी को शासन को रिपोर्ट दी गई।

इसमें पाया गया कि बाबू ने अपने कार्यकाल में वैध स्रोतों से 78,83,292 रुपये की आय की। जबकि उन्होंने अपने भरण-पोषण और संपत्ति इकट्ठा करने पर 2,70,25,544 रुपये खर्च किया। इस तरह उन्होंने अपनी आय से अधिक तकरीबन 1,91,42,249 रुपये का खर्च किया। इस आय के स्रोतों के बारे में हरिओम शर्मा से जानकारी मांगी गई, लेकिन वो संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, न ही कोई साक्ष्य प्रस्तुत किए। आय से अधिक संपत्ति में दोषी पाए जाने पर लिपिक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में केस दर्ज किया गया है। मामले में विवेचना की जा रही है। साक्ष्य संकलन कर कार्रवाई की जाएगी।

**हेल्पलाइन नंबर 9454401864 पर करें शिकायत**

एसपी विजिलेंस ने बताया कि भ्रष्टाचार के मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। विभागीय कर्मचारी काम के बदले रुपयों की मांग करते हैं तो विजिलेंस आगरा में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसके लिए रिश्वत विरोधी हेल्पलाइन नंबर 9454401864 पर शिकायत की जा सकती है।

# झमाझम मेघों का इंतजार



### दोपहर में छाए काले बाद, रिमझिम से जागी राहत की उम्मीद

एनएनआई

**आगरा।** सुबह से ही खिली तीखी धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल करके रख दिया है। शुक्रवार को दोपहर बाद हवा के साथ बूंदाबांदी होने के बाद भी उमस भरी गर्मी से निजात नहीं मिल सकी। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक, अगले दो दिन तक बादल छाए रहने और बारिश के आसार बने हुए हैं। रविवार के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कई दिन से पड़ रही उमसभरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। शनिवार को सुबह से ही सूरज की तीखी किरणें सताने लगीं थीं। हालां कि बीच-बीच में बादलों की चादर बिछती रही। शुक्रवार दोपहर को चली हवा और हल्की बूंदाबांदी भी राहत नहीं दिला सकी। अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम पारा 19.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में गिरावट के बाद धूप और आर्द्रता के कारण उमस से लोगों का बुरा हाल रहा। दोपहर बाद हवा के साथ कहीं हल्की बारिश तो कहीं बूंदाबांदी भी लोगों को राहत नहीं दे सकी। मौसम विभाग के पूवार्नुमान केंद्र के अनुसार अगले दो दिन तक बादल छाएंगे और बारिश व बूंदाबांदी के आसार बने रहेंगे।

# यमुना ब्रिज के पास नदी में मिला युवक का शव

एनएनआई

**आगरा।** थाना एत्माद्दौला क्षेत्र स्थित यमुना ब्रिज के पास एक शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक वहां स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो चुकी थी। मृतक की पहचान भावेश जोशी, निवासी अहमदाबाद (गुजरात) के रूप में हुई है।



मौके से बरामद आधार कार्ड के अनुसार, मृतक की उम्र करीब 42 वर्ष है। पुलिस को संदेह है कि यह मामला सुसाइड का भी हो सकता है या फिर किसी ने उसकी मर्डर कर शव को यमुना में फेंक दिया हो। फिलहाल, पुलिस जांच के दोनों पहलुओं पर गंभीरता से काम कर रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शव को सबसे पहले कुछ लोगों ने यमुना किनारे देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार के बारे में जानकारी जुटाकर सूचना देने की कोशिशें भी की जा रही हैं।

थाना एत्माद्दौला प्रभारी के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असल वजह साफ हो पाएगी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही मृतक के पिछले रिकॉर्ड और आगरा आने के उद्देश्य की भी जानकारी जुटा रही है।



## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में लाखों का घोटाला

# देवर-भाभी के नाम पर हड़प ली रकम

- बैंक और दलालों के गठजोड़ ने लगाया लाखों का चूना
- पीड़ित बैंक और कागारौल थाने के चक्कर काटने को मजबूर

एनएनआई

**आगरा।** लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने सीएम युवा उद्यमी योजना की शुरूआत की, लेकिन आगरा में यह योजना दलालों और बैंक के चंद अधिकारियों की कमीशनखोरी के बीच फंसकर रह गई है।

सरकारी योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाने की मंशा को कुछ भ्रष्ट बैंककर्मियों और दलालों ने मुनाफे का जरिया बना लिया है। ऐसा ही मामला कागारौल क्षेत्र से सामने आया है। जहां मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत लाखों रुपये का फर्जीवाड़ा किया गया। लाभार्थियों को रुपये का पता ही नहीं चला। जबकि बैंक और दलालों की जेबें भरती रहीं।

मामला पंजाब नेशनल बैंक की दूरा शाखा से जुड़ा है। गांव बहा निवासी कृष्णवीर सिंह पुत्र निरंजन सिंह और ग्राम दूरा निवासी गायत्री देवी पत्नी रोहित कुमार के नाम पर लोन स्वीकृत कराकर पूरी रकम निकाल ली गई।

**बैंक मैनेजर और दलालों का खेल**

कृष्णवीर को 4.37 लाख और गायत्री देवी को 3.75 लाख का लोन पास कराया गय। आरोप है कि बैंक प्रबंधक ने दलालों सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम पंचायत इकरामनगर और सुनील कुमार ग्राम पंचायत सोनिगा के साथ साजिश रचकर पहले ही खाली चेक व दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए और पूरी लोन राशि हड़प ली।

जब लाभार्थी दूरा बैंक शाखा पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि आपकी राशि तो पहले ही निकल चुकी है। यह सुनकर वह हैरान रह गए। बताया कि पैसे तो उन्होंने निकाले ही नहीं, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई। विरोध जताने पर उल्टा अभद्रता कर उन्हें बैंक से बाहर निकाल दिया गया। बैंक अधिकारी ने सच्चाई का पता लगाने की कोशिश नहीं की।

**पीड़ित थाने और अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर**

शिकायतकर्ता अब थाना कागारौल, मुख्यमंत्री कार्यालय, पुलिस कमिश्नर आगरा और डीएसपी से लेकर तमाम अफसरों से गुहार लगा रहे हैं। थाने के चक्कर काट-काट कर परेशान हैं। पुलिस का एक ही जबाव रहता है जांच जारी है।



## ट्रेड मार्क/कॉपी राइट चेतावनी

PANCHHI पंछी पेठा PETHA STORE www.panchhipetha.com

समस्त पेठा निर्माताओं/विक्रेताओ को सूचित किया जाता है कि वह हमारे मुवक्किल **पंछी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड** एवं **पंछी पेठा स्टोर**, नूरी दरवाजा, आगरा के जाने पहचाने नाम **पंछी ब्रांड** व **लेवल** का नकल करना व उससे मिलते जुलते नाम का दुरुपयोग करना बंद कर दें अन्यथा उनके विरूद्ध ट्रेड मार्क, कॉपी राइट एक्ट की भिन्न-भिन्न धाराओं के तहत सिविल व क्रिमिनल की कानूनी कार्यवाई की जाएगी, जिसके समस्त हर्जे-खर्चे की स्वयं जिम्मेदार होंगे। **पंछी पेठा स्टोर www.panchhipetha.com**

**हैड ऑफिस :** भगत सिंह द्वार नूरी गेट, आगरा 02 मो. 7055500772

**पंछी पेठा स्टोर, आगरा की अपनी शाखायें :**

- धौलपुर हाउस (इम्पीरियल होटल के सामने) छीपीटोला, आगरा-मो. 7055500773
- रमाडा होटल से 340 मी. पहले टी.डी.आई. सिटी तथा जलसा रिसोर्ट के सामने, आगरा - मो. 9837022955
- पुष्पविला होटल के सामने (कलाकृति के पास), फतेहाबाद रोड, आगरा- मो. 8193085608
- सौदागर लाइन, सदर बाजार, पवन होटल के नीचे, आगरा-मो. 7055500774
- आतम मार्केट, नौलक्खा क्रॉसिंग, सदर बाजार, आगरा-मो. 7055500775
- कैला देवी ढ़ाबा के बगल में नोयडा एक्सप्रेस-वे के पास छलेसर रोड, आगरा-मो. 9634298943
- पाठक प्रेस, पूर्वी गेट, ताजमहल के पास, आगरा-मो. 9997644141

**दिल्ली शाखायें :**

- शॉप नं. 101, कनॉट पैलेस, आउटर सर्किल हल्दीराम शोरूम के सामने, नई दिल्ली-मो. 011-23327171
- शॉप नं. 2365, मैन रोड रोड, वैस्ट पटेल नगर, मैट्रो पिलर 215, नई दिल्ली-मो. 011-25702714

**Advocate Manish Agarwal Jolly**
M/S Chunna Babu Vinesh kumar Advocate & Co (Estd 1951)
Trademark - Copyright Registration & Litigation Experts
Mob.: 98972-24192 96750-66606

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना आगरा

शनिवार, 28 जून, 2025 www.nnindianews.com



# नंदीघोष रथ पर सवार हुए श्रीजगन्नाथ, श्रद्धालुओं ने खींची रथ की रस्सी

### हरिनाम संकीर्तन और पुष्पवर्षा के बीच नगर भ्रमण पर निकली भव्य रथ यात्रा

एनएनआई

**आगरा।** बल्केश्वर महालक्ष्मी मंदिर से शनिवार को भगवान श्रीजगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा संग नंदीघोष रथ पर नगर भ्रमण के लिए निकले। जैसे ही अलौकिक स्वरूप में सजे भगवान रथ पर सवार हुए, हरे कृष्ण हरे राम के संकीर्तन से गूंजता वातावरण भक्ति में डूब गया। गले में बैजयन्ती माला, सतरंगी पगड़ी और स्वर्ण जरी परिधान में भगवान के दर्शन को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। रथ यात्रा की शुरूआत वृंदावन इस्कॉन के हरिविजय प्रभु और आगरा इस्कॉन अध्यक्ष अरविंद प्रभु की प्रथम आरती से हुई। रथ की रस्सी खींचने को भक्त उमड़े और रास्तेभर पुष्पवर्षा, रंगोली, आरती और सेवा के भाव से वातावरण भावविभोर रहा।

केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने भी रथ मार्ग पर झाड़ू लगाकर सेवा भाव प्रकट किया। रथ को मोगरा, मालती, कदम्ब और पांच कुंतल फूलों से 25 फीट ऊंचा चंदुआ श्रृंगार किया गया, जिसमें वृंदावन इस्कॉन के माधव प्रभु ने सजावट की। रथ यात्रा में प्रभुपाद जी, चैतन्य महाप्रभु और राधा-कृष्ण की झांकियां विशेष आकर्षण बनीं।

महिलाएं गोपी व पुरुष ग्वाला वेश में शामिल हुए, वहीं लड्डू गोपाल की झांकी भी रथ के साथ चलती रही। इस भव्य आयोजन में नितेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, आशु मित्तल, नवीन सिंघल, अनूप अग्रवाल, रमेश यादव, प्रदीप बंसल, ज्योति बंसल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## भक्ति, उल्लास और संकीर्तन से सजी रथ यात्रा, गोकुलपुरा बना तीर्थस्थल

- निताई गौर मंडल की पांचवीं वार्षिक रथ यात्रा भक्तिभाव व उल्लास के साथ सम्पन्न

एनएनआई

**आगरा।** निताई गौर मंडल द्वारा आयोजित भगवान श्री जगन्नाथ की पांचवीं वार्षिक रथ यात्रा गोकुलपुरा क्षेत्र में भव्यता और श्रद्धा के साथ निकाली गई। हरिनाम संकीर्तन की गूंज के साथ हजारों श्रद्धालु रथ यात्रा में सम्मिलित हुए और भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा माता के दिव्य स्वरूपों के दर्शन कर भावविभोर हो उठे। यात्रा की शुरूआत ठाकुर बिहारी महाराज मंदिर, गोकुलपुरा से हुई, जो बल्काबस्ती, राजामंडी, मनसा देवी होते हुए पुनः मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में पुष्पवर्षा, फल, जल एवं प्रसाद वितरण करते हुए श्रद्धालुओं ने रथ का स्वागत किया। मुख्य अतिथि एमएलसी विजय शिवहरे ने रथ की रस्सी खींचकर यात्रा का शुभारंभ किया। पं. दिनेश चन्द्र शर्मा, पप्पू पुजारी, ललित कांत, रामकुमार, सुनील वर्मा आदि ने विग्रहों की आरती उतारी। पं. दिनेश चन्द्र शर्मा ने रथ यात्रा को भक्त और भगवान के बीच का जीवंत आध्यात्मिक संबंध बताया। पंडित ललितकांत ने बताया कि विग्रहों को पुरी धाम, उड़ीसा से विशेष रूप से लाकर पिछले पांच वर्षों से निताई गौर मंडल सेवा एवं रथयात्रा का आयोजन कर रहा है। रथयात्रा से पूर्व 36 घंटे



अधिवास संस्कार और 24 घंटे अखंड हरिनाम संकीर्तन किया गया, जिसमें हरे कृष्ण हरे राम के मंत्रों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

समापन अवसर पर प्रसाद वितरण व आरती के साथ रथ यात्रा सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की व्यवस्था विष्णु पोरवाल, मनीष वर्मा, भरत वर्मा, हीरालाल, नरसी वर्मा, पप्पे वर्मा, राकेश वर्मा, मोहन लाल, प्रदीप गुप्ता, अमन बजरंगी, सुरेंद्र वर्मा, करन सोनी, चंद मोहन गोयल, सुमित, दीवांशु, कान्हा वर्मा, आयुष, मयंक, भानु वर्मा व कृष्ण आदि ने संभाली।


## आत्मकल्याण के लिए संयम, श्रद्धा और सेवा की भावना जरूरीः मुनिश्री

- आशीर्वाद की वर्षा के बीच मुनिश्री का प्रवेश, श्रद्धालुओं ने पाया पूजन का सौभाग्य
- महावीर मंदिर में शांतिधारा व धर्मसभा, अनुशासन और भक्ति का दिया संदेश



एनएनआई

**आगरा।** समाधिस्थ आचार्यश्री विद्यासागर महाराज व आचार्यश्री समयसागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से श्रमण मुनिश्री सौम्यसागर महाराज व मुनिश्री निश्चलसागर महाराज इन दिनों नगर भ्रमण पर हैं। शुक्रवार प्रातः 5 बजे पत्तलगली जैन मंदिर से विहार कर मुनिसंघ ने कचौड़ा बाजार, बेलनगंज होते हुए कमला नगर स्थित महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश किया। कमला नगर जैन समाज ने पाद प्रक्षालन कर मुनिसंघ का भावपूर्ण स्वागत किया। मंदिर में मुनिश्री ने मूलनायक भगवान महावीर स्वामी के दर्शन कर श्रद्धालुओं के साथ शांतिधारा सम्पन्न कराई। इस दौरान जैसे ही मुनिसंघ मंदिर परिसर में पहुंचा, तभी झमाझम वर्षा शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने इसे आध्यात्मिक अतिशय के रूप में अनुभव किया। इसके उपरांत आयोजित धर्मसभा में मुनिश्री सौम्यसागर महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए अनुशासन और भक्ति का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि आत्मकल्याण के लिए जीवन में संयम, श्रद्धा और सेवा की भावना आवश्यक है। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज का अष्टद्रव्य से पूजन करने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्रदीप जैन पीएनसी, जगदीशप्रसाद जैन, मनोज जैन बाकलीवाल, दिलीप जैन, राकेश जैन, नरेश जैन, यशपाल जैन, अनिल रईस, रूपेश जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# बिना वसीयत के नामित व्यक्ति को नहीं मिलता पूर्ण सम्पत्ति पर स्वामित्व

**व्यवसाय में उत्तराधिकार, जीएसटी अधिकार और एआई की भूमिका पर हुआ विचार**

एनएनआई

**आगरा।** अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर होटल पीएल पैलेस में द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की आगरा शाखा एवं लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राकेश गर्ग, पंकज गांधी, अंजनी कुमार अग्रवाल, पारसनाथ यादव, भुवेश अग्रवाल, राजकुमार भगत, विजय गुप्ता, राजीव बंसल, संजीव जैन, गौरव सिंघल, सौरभ सक्सेना, अंकित मित्तल, करन पंजवानी, आयुष गर्ग और सचिन बूबना द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। तीन सत्रों में आयोजित सेमिनार के पहले सत्र में सीए नितेश गुप्ता ने व्यापार उत्तराधिकार की योजना, वसीयत और नॉमिनी की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने




बताया कि भारत में 95% संपत्तियां बिना वसीयत के विवादों में घिर जाती हैं। नॉमिनी केवल ट्रस्टी होता है, असली अधिकार उत्तराधिकारी के पास होना चाहिए। दूसरे सत्र में सीए नव्या मल्होत्रा ने जीएसटी सर्च और जब्ती की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तलाशी के लिए वैध दस्तावेज आवश्यक हैं और महिला की तलाशी केवल महिला अधिकारी द्वारा ही की जा सकती है। पंचनामा की प्रति करदाता को दी जानी चाहिए और झूठी जानकारी देना अपराध है। तीसरे सत्र में सीए आलोक सेठी ने एआई के व्यापारिक उपयोगों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि एआई से स्टॉक प्रबंधन, ग्राहक विश्लेषण और पर्सनलाइज्ड मार्केटिंग संभव है। बैंक और ई-कॉमर्स कंपनियां संदिग्ध लेनदेन की पहचान में एआई का प्रयोग कर रही हैं।

सेमिनार का संचालन सीए मानवी मित्तल और दिव्यांशु जैन ने किया तथा धन्यवाद सीए करन पंजवानी ने दिया। कार्यक्रम में एससी जैन, मनोज खुराना, अरविंद शुक्ला, आनंद बंसल, दीपक खंडेलवाल, संदीप कपूर, आलोक फरसैया, वीरेन्द्र अग्रवाल, अंशुल गर्ग, अंशु अग्रवाल, इंद्र पवार, मनोज चौधरी, संजीव अग्रवाल, शिल्पी, प्रियंका, कविशा, प्रार्थना, पूजा, मिनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## फैशन, स्टाइल और आत्मविश्वास की क्लास में मिला नया आत्मबल

- स्पाइसी शुगर की पर्सनैलिटी वर्कशॉप में भावना सिंह ने दिए जीवन रूपांतरण के मंत्र

एनएनआई



**आगरा।** जिंदगी एक ही बार मिलती है, इसलिए उसका ध्यान रखना जरूरी है। यह प्रेरक संदेश इमेज चेंजर और पर्सनैलिटी कोच भावना सिंह ने स्पाइसी शुगर संस्था की मास्टर क्लास में दिया। फतेहाबाद रोड स्थित होटल आईटीसी मुगल में आयोजित इस विशेष वर्कशॉप में महिलाओं और युवतियों को फैशन, स्टाइल और आत्मविश्वास से जुड़ी व्यावहारिक तकनीकों की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि डॉ. रंजना बंसल रहीं, जबकि मंच संचालन पूनम सचदेवा ने किया। भावना सिंह ने अपने संघर्षपूर्ण जीवन की झलक देते हुए बताया कि असफलताएं किस तरह उन्हें मजबूत बनाती गईं। उन्होंने आत्म-जागरूकता, संवाद कौशल और निरंतर अभ्यास को व्यक्तित्व विकास की कुंजी बताया। कार्यक्रम की शुरूआत विशेष बच्चों द्वारा बनाए गए कार्ड और पुष्पों से स्वागत से हुई। नन्ही कायनात ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोहा। भावना सिंह ने कहा कि फैशन का मतलब सिर्फ बाहरी साज-सज्जा नहीं बल्कि आत्मविश्वास है। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रांड व्यक्ति की पहचान नहीं बनाते, बल्कि व्यक्ति ब्रांड को पहचान दिलाता है। शिल्पा माहेश्वरी ने 'झुमरीतलैया की बसंती' की मिमिक्री कर कार्यक्रम में हास्य का रंग घोला। स्वागत पावनी सचदेवा, चांदनी ग्रोवर और शिखा जैन ने किया। संस्थापक पूनम सचदेवा ने बताया कि संस्था का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना है। इस मास्टर क्लास में आगरा के अलावा अन्य जिलों से भी महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. ज्योति उपाध्याय, रेनू लाम्बा, संगीता अग्रवाल, कविता अग्रवाल, कोमिला धर, आस्था अरोड़ा, अंशिका बंसल, अनीता, अंजलि, अंकिता अनु, बेला, हरबानी, बरखा, दिव्या, डौली, गरिमा, गिन्नी, हरमीत, जसलीन, माधुरी, मनीषा, मोनिका, पूजा, प्रीति, रानी, रश्मि, शालिनी, सोनाली आदि मौजूद रहीं।

## इनर व्हील क्लब ने उमंग संग मनाया कपल्स डे उत्सव

**केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल**

एनएनआई

**आगरा।** इनर व्हील क्लब ऑफ आगरा द्वारा होटल पीएल पैलेस में कपल्स डे कार्यक्रम का आयोजन



उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष नीलू सिंह धाकरे अपने पति दिगंबर सिंह धाकरे के साथ मौजूद रहीं।

क्लब अध्यक्ष मधु बघेल ने बताया कि क्लब पूरे वर्ष समाजसेवा के विभिन्न कार्य करता है, और सत्रांत पर कपल्स डे के जरिए सभी सदस्य परिवार के साथ मिलकर मनोरंजन व आपसी स्नेह का उत्सव मनाते हैं। जुलाई से नए सत्र की शुरूआत होती है। दीप प्रज्वलन से आरंभ कार्यक्रम का संचालन सोनिया चांदना और प्रीति बंसल ने किया। सलोनी सिंह बघेल की गणेश वंदना से शुरूआत हुई, इसके बाद क्लब सदस्यों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। शोभी माथुर की गजल ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में पीडीसी मंजू जैन, सचिव वर्षा सपरा, कोषाध्यक्ष निर्मल बत्रा, सह सचिव मनीषा अरोड़ा, आईएसओ आकांक्षी शर्मा, एडिटर पारुल भारद्वाज, दीप्ति दयाल सहित बबीता भारद्वाज, प्रतिमा चौहान, क्षमा जैन सक्सेना, सुनंदा अरोड़ा, दीपिका आहूजा, सुरभि दुआ, राधा खंडेलवाल, रेणुका नवानी, शेफाली नैयर, बबीता पाठक, राधा गुप्ता सहित सभी सदस्य व परिजन मौजूद रहे।



# सम्मान समारोह तक सीमित नहीं होगा डॉक्टर डे

एनएनआई

**आगरा।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जिला शाखा इस वर्ष डॉक्टर डे के उपलक्ष्य में एक ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन करेगी। कार्यक्रम 29 जून को फतेहाबाद रोड स्थित एक होटल में होगा। सचिव डॉ. रजनीश मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष डॉक्टर डे का आयोजन सिर्फ सम्मान या औपचारिकता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे एक ऐसे मंच के रूप में स्थापित किया जा रहा है जहाँ डॉक्टरों को विभिन्न ज्वलंत चिकित्सीय मुद्दों पर गहन जानकारी और विचार विमर्श का अवसर प्राप्त हो। प्रमुख विषयों पर विशेषज्ञ पैनल चचाएँ आयोजित की जाएंगी। इनमें वरिष्ठ नागरिकों में बीमारियों की रोकथाम, सेप्सिस की रोकथाम और शीघ्र प्रबंधन के तरीके, बेहतर आईसीयू केयर की दिशा में नवीनतम सोच, सर्जिकल जटिलताओं से बचाव के उपाय, बाल यौन शोषण की पहचान और उसका चिकित्सीय व सामाजिक दृष्टिकोण, मेडिको-लीगल पहलुओं की जानकारी और व्यवहारिक समाधान। हृदय संबंधी जोखिमों को कम करने की रणनीति, कैंसर की शीघ्र पहचान हेतु स्क्रीनिंग गाइडलाइंस । ट्रॉमा की स्थिति में जान कैसे बचाएं - बहु-विषयक (मल्टीडिसिप्लिनरी) टीम की भूमिका शामिल हैं। शहर के जाने-माने वरिष्ठ और विशेषज्ञ डॉक्टर



विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए आईएमए करेगा विशेषज्ञ पैनल चर्चाएं

अपने अनुभव साझा करेंगे। यह विचार-विमर्श, केस डिस्कशन और रियल-टाइम सॉल्यूशन शेयरिंग का मंच होगा।अध्यक्ष डॉ. अनूप दीक्षित, कोषाध्यक्ष डॉ. मुकेश भारद्वाज, साइंटिफिक सेक्रेटरी डॉ. दीप्तिमाला, डॉ करन रावत ने बताया कि इन सभी चचाओं का उद्देश्य डॉक्टरों को नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराना और उन्हें आधुनिक चिकित्सकीय दृष्टिकोणों से लैस करना है जिससे कि वे अपने मरीजों के लिए बेहतर परिणाम सुनिश्चित कर सकें। डॉ पंकज नगायच, डा अमिता सिंह के अनुसार, आईएमए दिवस का समापन एक जुलाई को सूरसदन में सांस्कृतिक संध्या से होगा, जिसमें डॉक्टरों द्वारा अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया जायेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नाट्य प्रस्तुतियाँ, गायन, नृत्य शामिल होंगे।

# निगम ने रोड से हड़वाए फड़

## नगर निगम ने बोदला-बिचपुरी रोड पर लगने वाले बाजार में की कार्रवाई

एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम की टीम ने बोदला बिचपुरी मार्ग पर लगने वाले शुक्रवार बाजार में आये दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की। इन दुकानदारों ने पूरी रोड पर ही दुकानें सजा लीं थीं। जिससे जाम के हालात बन रहे थे। नगर निगम की कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

बोदला बिचपुरी रोड पर पर सालों से शुक्रवार बाजार लगता चला आ रहा है। मुख्य बाजार के बंद रहने से हजारों की संख्या में फड़ आदि लगाकर सामान बेचने वाले कारोबारी यहां पर व्यापार करने के लिए आते हैं। दुकानदारों की बढ़ती संख्या यहां के स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए समस्या बनती जा रही है। खाट, तखत, काउंटर आदि लगाकर सामान बेचने वालों ने अब मुख्य सड़क पर भी सामान रखकर कारोबार शुरू कर दिया है।

**लग जाता है जाम**

मुख्य सड़क पर सामान रखकर बेचने से सिकंदरा से बोदला होकर शाहगंज, आवास विकास और बिचपुरी की ओर जाने आने वाले लोगों को भारी परेशानी होती है। दिनभर यहां पर जाम के हालात बने रहते हैं। स्थानीय लोग कई बार इसकी शिकायत नर निगम प्रशासन से कर चुके हैं। नगर निगम इन दुकानदारों के खिलाफ समयसमय पर कार्रवाई भी करता रहा है।आज फिर से इसकी शिकायत स्थानीय नागरिकों के द्वारा की गई थी इस पर एक्शन लेते हुए अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार ने प्रवर्तन दल को कार्रवाई के निर्देश दिये थे। इस पर जोनल अधिकारी चंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने अभियान चलाकर सड़कों पर बैठे दुकानदारों को हटवा कर फुटपाथों के किनारे कराया। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन प्रभारी कर्नल राहुल गुप्ता भी उपस्थित रहे।



## टेढ़ी बगिया से जलभराव रोकने को शुरू हुआ अभियान

**आगरा।** नगर निगम ने टेढ़ी बगिया में जलभराव रोकने को एनएचएआई के साथ मिलकर अभियान शुरू कर दिया है। नाला सफाई अभियान के तहत क्षेत्र में भूमिगत नाले की गहन सफाई कराई जा रही है। जगह-जगह ब्लाक हुए नाले की स्लैब को मशीनों की सहायता से उठवाकर अंदर जमा सिल्ट और कचरे को बाहर निकाल कर तुरंत निस्तारण केंद्र तक पहुंचाया जा रहा है। सफाई के बाद नाले को फिर से स्लैब से ढकवाया जा रहा है ताकि बरसात के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई जरूरी थी, क्योंकि कई स्थानों पर बरसात में पानी भरने से यातायात और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वहीं, टेढ़ी बगिया से कालिंदी विहार की ओर जाने वाले पक्के नाले के पांच स्थानों पर धंस जाने से जलनिकासी बाधित हो रही थी। इन स्थानों पर लगातार जलभराव की समस्या बनी हुई थी। इसे देखते हुए नगर निगम ने वहां पंप लगवाकर पानी की निकासी शुरू करवा दी है। इससे क्षेत्र की कई गलियों में जलभराव की स्थिति में सुधार हुआ है। नगर निगम के जोनल सैनिटरी ऑफिसर (जेडएसओ) आशुतोष वर्मा मौके पर रहे।

# यातयात व्यवस्था को बनेगी कमेटी

## मंडलायुक्त ने दिए निर्देश, वाहन परमिट पर भी लिए निर्णय

एनएनआई

**आगरा।** मंडलायुक्त द्वारा संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में आगरा में ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ और भविष्योन्मुखी बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाया गया है। निजी बसों की सुविधा, सीएनजी ऑटो परमिट और ट्रैफिक कमेटी के गठन जैसे निर्णय शहर की यातायात प्रणाली को नई दिशा देंगे।

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन ने ठोस कदम उठाया है। संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने डीसीपी ट्रैफिक की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। इस कमेटी में एआरटीओ, नगर निगम तथा ट्रांसपोर्ट यूनियन के प्रतिनिधि शामिल किए जाएंगे। मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर की यातायात समस्या को जड़ से हल करने हेतु सभी संबंधित विभागों का समन्वय जरूरी है।बैठक में ट्रांसपोर्टर पदाधिकारियों ने आगरा में प्राइवेट व टूरिस्ट बसों के संचालन



हेतु सुव्यवस्थित बस अड्डा की मांग की। उन्होंने बताया कि शहर में प्रतिदिन देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक प्राइवेट वाहनों से आते हैं, लेकिन उनके लिए किसी समर्पित अड्डे की सुविधा नहीं है।

मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि यदि प्राइवेट ट्रांसपोर्टर दो एकड़ भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करें, तो वहां बैठने की जगह, टॉयलेट, कैफेटेरिया जैसी बेसिक सुविधाओं के साथ आधुनिक सुविधाओं वाला बस अड्डा विकसित किया जा सकता है। इससे आगरा के टूरिज्म इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलेगी।बैठक में कुछ रूटों पर निजी बसों के संचालन के लिए आए प्रस्तावों पर विचार किया गया, और कुछ बसों को परमिट प्रदान करने की अनुमति दी गई। इसके अलावा सीएनजी ऑटो के संचालन के परमिट पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने पर्यावरण के अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए गाइडलाइंस तय करने का निर्णय लिया।

कमिश्नरी के लघु सभागार में आयोजित इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी व प्रभारी जिलाधिकारी प्रतिभा सिंह, उप परिवहन आयुक्त विदिशा सिंह, आरटीओ अरुण कुमार, एआरटीओ एनसी शर्मा, आलोक अग्रवाल, क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज बीपी अग्रवाल समेत कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# आईटीआई में शिशिक्षु कैंपस 30 जून को

एनएनआई

**आगरा।** उपशिशिक्षु परामर्शदाता/नोडल प्रधानाचार्य, मानसिंह भारती ने अवगत कराया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, में 30 जून को शिशिक्षु कैंपस का आयोजन सुबह 10 बजे से किया जा रहा है। कैंपस में अप्रैन्टिस के लिए ऐसे प्रशिक्षार्थी, जिन्होंने राजकीय/निजी आईटीआई से इलैक्ट्रीशियन, फिटर, इलैक्ट्रोनिक्स मैकेनिक, मैकेनिक कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, आरएसी, वायरमेन व्यवसाय में परीक्षा उत्तीर्ण की हो वह अप्रैन्टिस हेतु शिशिक्षु कैंपस में सम्मिलित हो सकते हैं।

उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि उक्त कैंपस में स्टोनमेन क्राफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, आगरा मशीन टूल्स स्आइपेंटः 7000-10000 एवं मेगा वर्चुअल जॉब फेयर स्आइपेंटः 10000-15000 प्रशिक्षार्थियों के चयन हेतु मेले में आमंत्रित है। मेले में चयन लिखित व साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा।

# यूपी सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत में सबसे ऊपर

एनएनआई

**आगरा।** नेशनल चैम्बर सभागार में बैठक में अधिवक्ता केसी जैन ने सड़क सुरक्षा व नागरिक कर्तव्यों के बारे में और न्यूरो सर्जन डॉ उद्धव बंसल द्वारा चिकित्सा से जुड़े विषय पर सदस्यों का ज्ञानवर्धन किया गया।

अधिवक्ता केसी जैन ने बताया गया कि प्रति वर्ष लगभग 4.50 लाख दुर्घटनाएं होती हैं जिसमें से 45 प्रतिशत घायल होते हैं। राज्य सरकार व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा तकनीकी व्यवस्थाओं के माध्यम से होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। यूपी सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत में सबसे ऊपर है।डा उद्धव बंसल ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले लोग कई बार मस्तिष्क में चोट लगने पर कोमा में चले जाते हैं। ऐसी परिस्थिति में परिवारीजनों को निराश नहीं होना चाहिये क्योंकि मरीज की देखभाल सही तरीके से होने पर 2 से 6 माह के अन्दर पूर्णतः ठीक भी हो सकते हैं।


चैम्बर अध्यक्ष संजय गोयल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक का संचालन पूर्व अध्यक्ष एवं जनसम्पर्क समन्वय प्रकोष्ठ के चेयरमैन मनीष अग्रवाल द्वारा किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष विवेक जैन, राजकुमार भगत, सूरज तिवारी, रंजीत सामा, विकास मित्तल समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।



# जमीन की पैमाइश पर हुए विवाद, दो घायल

एनएनआई

**बाह।** बिजौली गांव में जमीन की पैमाइश के दौरान विवाद हो गया। विवाद ने इतना तूल पकड़ा कि अचानक लाठी,डंडे और तलवार से हुए हमले से भगदड़ और अफरा तफरी मच गई। जमीन की पैमाइश को पहुंचा लेखपाल दबे पांव निकल गया। हमले में जीजा जयवीर सिंह और साला संजीव कुमार घायल हुआ है। बिजौली के जयवीर सिंह ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की रात में परिजन ने जमीन पर नींव भर ली थी, जमीन की पैमाइश को शुक्रवार की दोपहर लेखपाल पहुंचा था। पैमाइश के दौरान हुए विवाद में उन पर अचानक लाठी, डंडे और तलवार से हमला कर दिया। बचाने आए साले संजीव कुमार के हाथ में तलवार लग गई।



विवाद के दौरान लेखपाल वहां से निकल आया। शोर मचाए जाने पर पहुंचे लोगों ने बीच बचाव किया। बाह पुलिस ने दोनों घायलों का मेडीकल कराया है। प्रभारी निरीक्षक बाह सुरेश चन्द ने बताया कि जमीन के विवाद में परिवार के लोगों के बीच मारपीट हुई है। घायलों का मेडीकल कराया है। मेडीकल रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## जमीन पर कब्जा के विरोध पर मारपीट

**फतेहपुर सीकरी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सौनोठी में निजी जमीन पर कब्जा करने का विरोध करने पर मारपीट की गई। मारपीट में सास बहू घायल हो गई। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

मुन्ना लाल की पत्नी माया देवी ने थाना पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि गांव में हमारे पूर्वजों की जमीन है। जिस पर हमारा समान ही रखा हुआ है। दूसरे पक्ष के मानसिंह हमारे निजी भूमि पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। शुक्रवार को मानसिंह एवं उनके परिवार द्वारा मेरी निजी जमीन पर कब्जे का प्रयास किया गया विरोध करने पर मारपीट की गई है। मारपीट में महादेवी व श्यामवती घायल हो गई। घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम पर दर्ज कराई गई। पुलिस ने जबरन कब्जा करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन देकर घायल महिलाओं का मेडिकल कराया है।



## एक से सात जुलाई तक जन्मे बच्चों के नाम से होगा पौधा रोपण

एनएनआई

**बाह।** हरियाली विस्तार के लिए वन विभाग ने नई पहल की है। एक से सात जुलाई तक जन्म लेने वाले बच्चों को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ पौधे दिए जाएंगे। वन विभाग स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बच्चों को पौधे देगा। इसका उदेश्य नवजात के जीवन को खुशहाल बनाने के साथ हरियाली बढ़ाने, परिवार को पौध लगाने व संरक्षित करने के लिए प्रेरित करना है।

यह जानकारी सामाजिक वानकी रेंज जैतपुर के रेंजर कोमल सिंह, बाह के रेंजर अमित कुमार ने देते हुए बताया कि कमतरी और मई की पौधशाला पर एक से सात जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पहली से सात जुलाई (वन महोत्सव) की अवधि में जन्मे नवजात शिशुओं को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ एक पौधा भेंट के रूप में दिया जाएगा। नवजात को उपहार स्वरूप पौधा देना बच्चे के जीवन में समृद्धि व विकास का परिचायक है। सबसे ज्यादा पौधे शीशम व सागौन प्रजाति के लगाए जाएंगे। अभिभावकों को खाली जमीन पर पौधे लगाने की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि महापुरुषों के नाम पर भी वन वाटिका लगाई जाएगी।

## सर्प के जोड़े को मारने वाले तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पिनाहट एनएनआई।** थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत गांव विप्रावली नहर के पास खेत में निकले नाग नागिन के जोड़े को ग्रामीणों ने लाठी डंडों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया था उसके बाद शवो को खेत में ही जला दिया था।सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस व वन विभाग में हड़कंप मच गया। नाग नागिन के जोड़े को मारने के बाद जलाने वाले तीन लोगों के खिलाफ वन विभाग ने मुकदमा दर्ज कराया है और विभागीय कार्रवाई भी की है जानकारी के अनुसार थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत विप्रावली नहर पुलिया के पास बुधवार देर शाम को खेत में निकले नाग नागिन के जोड़े को ग्रामीणों ने लाठी डंडों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया ग्रामीणों ने शवो को खेत में ही जला दिया। जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए।सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

वन कर्मी सोनवीर गुर्जर की तहरीर पर पिनाहट पुलिस ने प्रमोद,बल्ला और हरी सिंह निवासी ग्राम विप्रावली थाना पिनाहट के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया हैं।इन्ही तीनो के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करते हुए वन विभाग की धाराओं में भी केस दर्ज किया गया हैं।

## दुकान में सेंध लगाकर हजारों की चोरी

एनएनआई

**पिनाहट।** बीती थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे के सरकारी बस स्टैंड के पास फ्रूट की दुकान में सेंध लगाकर अज्ञात चोरों ने रात में हजारों रुपए का सामान व नकदी चोरी कर ली। पीड़ित ने थाना पिनाहट में लिखित तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की हैं। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार पिनाहट कस्बा निवासी जीवन गुप्ता की संगम फ्रूट के नाम से सरकारी बस स्टैंड के पास फ्रूट की दुकान है। दुकान स्वामी जीवन गुप्ता शुक्रवार सुबह दुकान खोलने के लिए दुकान पर पहुंचे तो दुकान के पीछे के रास्ते से अज्ञात चोर दुकान में घुसकर गले में रखे पांच हजार की नगदी और दस हजार



रुपए के फल फ्रूट का सामान चोरी कर ले गए सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंच गई पीड़ित ने चोरों के खिलाफ चोरी की तहरीर दी है वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सांड़ से टकराई बाइक, बैंक के असिस्टेंट मैनेजर मौत



**कासगंज एनएनआई।** सोरोंजी कोतवाली क्षेत्र के गांव देवरी प्रहलादपुर के पास शुक्रवार की देर शाम सड़क हादसा हो गया। सड़क पर अचानक सांड़ बाइक से टकरा गया। इससे बाइक सवार आर्यावर्त बैंक के असिस्टेंट मैनेजर की मौत हो गई। अशोक नगर निवासी हृदेश कुमार सिंह आर्यवर्त बैंक की पटियाली शाखा में असिस्टेंट मैनेजर के पद तैनात थे। वह शुक्रवार की देर शाम बाइक से घर आ रहे थे। जैसे ही वह देवरी प्रहलादपुर गांव के पास पहुंचे कि तभी अचानक बाइक के आगे सांड़ आ गया जिससे टकरा कर हृदेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

## बंदियों से मिले जिला जज और डीएम




एनएनआई

**कासगंज।** जिला जज रामेश्वर और जिलाधिकारी मेधा रूपम ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को जिला जेल का निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों से मुलाकात की। साथ ही जेल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। जेल अधीक्षक को कड़ी सुरक्षा के साथ जेल में सफाई, खानपान की उच्च गुणवत्ता रखने के संबंध में निर्देश दिए। जेल में सुरक्षा व्यवस्था की सीसीटीवी फुटेज देखी। जेल के रसोईघर, स्टोर, खाद्यान्न, महिला, पुरुष और किशोर बैरक देखी। महिला बैरक में महिला बंदियों से प्रशासन के द्वारा उपलब्ध कराई जा रहीं सुविधाओं के बारे में पूछा। इस दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुपमा सिंह, अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बांकेबिहारी कॉरिडोर: महिला संगठनों ने समर्थन में प्रशासन को सौंपी ईंटें

एनएनआई

**मथुरा।** वृंदावन में श्रीबांकेबिहारी गलियारे के विरोध में मुखर हो रहे गोस्वामी महिलाओं के विरोध के बीच गलियारा निर्माण की तैयारियों में लगे जिला प्रशासन को उस समय राहत मिली जब बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों की महिलाओं ने गलियारे के समर्थन में कलेक्ट्रेट पर रैली निकाली। गलियारा निर्माण के लिए सिर पर राधानाम की ईंटें रखकर चल रहीं महिलाओं ने प्रशासन को 251 ईंटों के साथ ही गलियारा निर्माण के लिए अपना समर्थन भी सौंप दिया।

मिशन शक्ति समूह के बैनर तले दर्जनभर संगठनों की दर्जनों महिलाओं ने शिक्षाविद सोनिका शर्मा की अगुवाई में गलियारे के समर्थन में कलेक्ट्रेट गेट से रैली निकाली। श्रीबांकेबिहारी गलियारे निर्माण के लिए नारे लगाते हुए महिलाओं ने जोर-शोर से समर्थन किया। राधे-राधे के नाम से अंकित ईंटों को अपने सिर पर रखकर चल रहीं महिलाओं ने हमें चाहिए गलियारा, भक्तों को चाहिए गलियारा के नारों से पूरा परिसर गुंजा दिया।

## संपादकीय

# भाजपा के दबाव में नीतीश



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले दो महीने में तीन बार बिहार के दौरे पर गए। तीनों सभाओं में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौजूद रहे। उन्होंने तीनों सभाओं में कम से कम 10-10 बार प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया, अभिनंदन किया और सभा में मौजूद लोगों से प्रधानमंत्री को नमन कराया। लेकिन नीतीश और जनता दल यू को जिसकी उम्मीद थी वह उम्मीद पूरी नहीं हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार भी नहीं कहा कि 2025 में एनडीए जीतेगा तो नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री होंगे। इससे पहले 2020 में नीतीश को सीएम चेहरा घोषित करके चुनाव लड़ा गया था और इसलिए नीतीश की पार्टी को सिर्फ 43 सीटें आने के बाद भी उनको मुख्यमंत्री बनाना पड़ा था। इस बार भाजपा वैसी कोई घोषणा करके अपने हाथ नहीं बांधना चाहती है।इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दोहरा दिया कि चुनाव से पहले एनडीए की ओर से सीएम पद का दावेदार घोषित नहीं होगा। वे पहले भी यह बात कह चुके हैं। एक कार्यक्रम में कहा था कि बिहार के मुख्यमंत्री का फैसला चुनाव के बाद होगा। अब उन्होंने कहा है कि बिहार का मुख्यमंत्री समय तय करेगा। इसका मतलब है कि समय आने पर यानी चुनाव नतीजों के बाद मुख्यमंत्री का फैसला होगा। इसका मतलब है कि भाजपा कहती रहेगी कि नीतीश के नेतृत्व में चुनाव होगा लेकिन चुनाव के बाद अगर सरकार बनाने की स्थिति आती है तो नीतीश सीएम नहीं होंगे। यह मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र का मॉडल है। मध्य प्रदेश में भाजपा तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में लड़ी और चुनाव जीतने के बाद मोहन यादव सीएम बने। ऐसे ही महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में लड़े और चुनाव जीतने के बाद देवेंद्र फड़नवीस को मुख्यमंत्री बनाया गया।लेकिन सवाल है कि क्या मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र का फॉमूर्ला बिहार में चल सकता है? जब तक नीतीश कुमार शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ थे तब तक तो इस बारे में सोचा भी नहीं जा सकता था। लेकिन अब वे मानसिक रूप से अस्थिर हैं। वे बातें भूलने लगे हैं। तभी भाजपा को मौका मिला है कि वह जनता दल यू की दूसरी कतार के नेताओं और नीतीश कुमार का प्रशासन संभाल रहे रिटायर अधिकारियों पर दबाव डाल कर या उनको मैनेज करके मनमाने फैसले कराए। हालांकि जनता दल यू के नेता अब भी नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री पद का दावेदार बता रहे हैं। उन्होंने नारा दिया है, ह्य25 से 30 फिर से नीतीशह्न। लेकिन भाजपा के नेता यह नारा नहीं लगा रहे हैं। वे अपना मुख्यमंत्री बनाने की तैयारी में हैं। तभी माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में दोनों गठबंधनों में टकराव बढ़ेगा। अगर नीतीश को सीएम पद का चेहरा नहीं घोषित किया गया तो जदयू की ओर से ज्यादा सीटों की मांग की जाएगी। अगर तालमेल की बातचीत में नीतीश के करीबी नेता और पूर्व आईएएस मनीष वर्मा और प्रदेश सरकार के मंत्री श्रवण कुमार को शामिल किया गया तो भाजपा के लिए जदयू को कम सीटों पर निपटाना आसान नहीं रह जाएगा।विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में मुफ्त की कई चीजों की घोषणा होनी है और उससे पहले सरकार ने कई समूहों की पेंशन में बढ़ोतरी कर दी है। नीतीश कुमार की सरकार ने ऐलान का है कि वृद्धों, दिव्यांगजनों और विधवाओं को मिलने वाली चार सौ रुपए की पेंशन बढ़ा कर 11 सौ रुपए की जा रही है। यानी सीधे तीन गुना कर दिया गया है और बढ़ी हुई पेंशन अगले महीने यानी जुलाई से मिलने लगी है। सरकार ने तय किया है कि हर महीने की 10 तारीख को पेंशन की रकम उनके खाते में आने लगेगी। जनसुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर ने वृद्धों, दिव्यांगजनों और विधवाओं को दो हजार रुपए महीना देने का ऐलान किया था। उससे पहले राज्य सरकार ने 11 सौ रुपए देने का ऐलान कर दिया। इसका लाभ एक करोड़ नौ लाख से कुछ ज्यादा लोगों को मिलेगा।बताया जा रहा है कि जल्दी ही महिला सम्मान योजना की घोषणा हो सकती है। महिलाओं को भी 11 सौ से डेढ़ हजार रुपए तक महीना देने की योजना की तैयारी है। आमतौर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ऐसी घोषणा से बचते हैं। वे मुफ्त की चीजें बांटने में बाकी मुख्यमंत्रियों या दूसरी पार्टियों के नेताओं के मुकाबले कंजूस हैं। लेकिन कहा जा रहा है कि झारखंड में हेमंत सोरेन की मइया सम्मान योजना की वजह से चुनाव हारने के बाद से भाजपा इस मामले में कोई जोखिम नहीं लेना चाहती है। गौरतलब है कि बिहार में राष्ट्रीय जनता दल ने महिलाओं को ढाई हजार रुपए महीना देने का वादा किया है। तभी भाजपा ने दबाव डाल कर पेंशन बढ़वाई है और आगे महिलाओं की योजना भी शुरू होगी।



# बच्चों में मोटापा

## पेरेंट्स की ये 5 गलतियां, समय रहते हो जाएं सतर्क

आजकल बच्चों में मोटापा एक तेजी से बढ़ती हुई समस्या बन गया है। मोटापे की वजह से बच्चे न केवल शारीरिक रूप से कमजोर होते हैं बल्कि उन्हें कई तरह की गंभीर बीमारियों का भी खतरा रहता है। कई बार माता-पिता सोचते हैं कि बच्चे का मोटा होना अच्छे स्वास्थ्य का संकेत है। लेकिन हकीकत यह है कि जरूरत से ज्यादा वजन बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा डाल सकता है। हम अक्सर यह नहीं समझ पाते कि बच्चों का वजन क्यों बढ़ रहा है। असल में इसके पीछे हमारी खुद की कुछ रोजमर्रा की आदतें जिम्मेदार होती हैं। जैसे कि बच्चों को बार-बार खाने के लिए कहना हर छोटी खुशी पर उन्हें चॉकलेट या फास्ट फूड देना, या खुद ही सक्रिय न रहकर बच्चों को भी निष्क्रिय बना देना। इन आदतों का असर धीरे-धीरे बच्चों की सेहत पर दिखने लगता है। इन आदतों को पहचानकर और सुधार कर हम बच्चों को मोटापे से बचा सकते हैं और उन्हें एक स्वस्थ जीवनशैली की ओर बढ़ा सकते हैं।

### अनहेल्दी स्नैकिंग की आदत

जब घर में हमेशा चिप्स, बिस्कुट, नमकीन जैसे जंक फूड आसानी से उपलब्ध होते हैं, तो बच्चे उन्हें बार-बार खाने लगते हैं। इससे उनकी भूख का पैटर्न बिगड़ जाता है और शरीर में अनावश्यक कैलोरी बढ़ जाती है। इसलिए परिवार को चाहिए कि घर में हेल्दी स्नैक्स रखें ताकि बच्चे बेहतर और पौष्टिक विकल्प चुन सकें।

### भोजन का अनियमित समय

कई परिवारों में नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का खाना समय पर नहीं होता। खाने के समय में अनियमितता से बच्चों के मेटाबॉलिज्म पर बुरा असर पड़ता है। इस कारण शरीर ज्यादा फैट जमा करने लगता है। इसलिए बच्चों को नियमित और समय पर पौष्टिक भोजन देना बहुत जरूरी है ताकि उनका पाचन तंत्र सही काम करे और उनका विकास अच्छे से हो।

### खाने पर इनाम या दंड देना

कई बार परिवार में बच्चे के व्यवहार के अनुसार खाने को इनाम या सजा के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। उदाहरण के तौर पर, अच्छा काम करने पर चॉकलेट देना या गलत काम करने पर मनपसंद खाना न देना। ऐसा करने से बच्चे खाने को भावनाओं से जोड़ने लगते हैं और ओवरईटिंग यानी जरूरत से ज्यादा खाने की आदत विकसित हो जाती है।

### फिजिकल एक्टिविटी से दूर रखना

आजकल कई परिवारों में पढ़ाई या सुरक्षा के कारण बच्चों को बाहर खेलने से रोक दिया जाता है। इस वजह से बच्चे शारीरिक रूप से निष्क्रिय हो जाते हैं और उनका वजन बढ़ने लगता है। परिवार को चाहिए कि वह बच्चों को खेलने, दौड़ने और एक्सरसाइज करने के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा, बच्चों को फिजिकल एक्टिविटी वाले गेम्स खेलने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।





### स्क्रीन टाइम को कंट्रोल न करना

अगर परिवार बच्चों को घंटों मोबाइल, टीवी या टैबलेट पर लगे रहने देता है, तो यह मोटापे का एक बड़ा कारण बन सकता है। अधिक स्क्रीन टाइम बच्चों को शारीरिक रूप से आलसी बना देता है। साथ ही, इससे उनकी आंखों और दिमाग पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए बच्चों का स्क्रीन टाइम नियंत्रित करना जरूरी है।

बच्चों में मोटापा केवल उनकी आदतों का परिणाम नहीं होता, बल्कि यह पूरी फैमिली की जीवनशैली से जुड़ा होता है। यदि माता-पिता और परिवार अपनी छोटी-छोटी आदतों को सुधार लें, तो बच्चे को मोटापे जैसी गंभीर समस्या से बचाया जा सकता है। एक स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाकर हम अपने बच्चों को बेहतर और स्वस्थ भविष्य दे सकते हैं।

# दूसरी बार मां बनीं इलियाना

## बेटे की प्यारी सी तस्वीर की शेयर

बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज एक बार फिर मां बन गई हैं। एक्ट्रेस ने प्यारे से बेटे को जन्म दिया है। इंस्टाग्राम पर बेबी बॉय की तस्वीर शेयर कर इलियाना ने इस गुड न्यूज को शेयर किया। एक्ट्रेस ने अपने बेटे का नाम भी रिवील किया है। नाम के साथ-साथ एक्ट्रेस ने अपने नन्हें बेबी के बर्थ डेट भी फैंस के साथ शेयर की। इलियाना ने बेबी बॉय की सोते हुए क्यूट फोटो शेयर की है। इलियाना ने अपने दूसरे बेबी का नाम कीनू राफे डोलन रखा है। बेबी का जन्म 19 जून 2025 को हुआ। इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने एक प्यारा सा कैप्शन भी शेयर करते हुए लिखा- हमारा दिल बहुत भरा हुआ है। एक्ट्रेस ने इससे पहले अगस्त 2023 में पहले बेटे को जन्म दिया था। इलियाना ने अपने पहले बेटे का नाम कोआ फीनिक्स डोलन रखा था। हालांकि एक्ट्रेस ने अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की खबर को रिवील नहीं किया था लेकिन कुछ दिन पहले एक्ट्रेस के बेबी बंप को देखकर कयास लगाया गया था कि वो फिर से प्रेग्नेंट हैं। अब फाइनली एक्ट्रेस ने खुद ही बेबी के जन्म की अनाउंसमेंट कर दी है।



# दिलजीत दोसांझ देशभक्त हैं, बनावटी नहीं - इम्तियाज अली

नेटफ्लिक्स फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में दिलजीत दोसांझ के साथ काम कर चुके प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता इम्तियाज अली ने शुक्रवार को एनडीटीवी के क्रिएटर्स मंच पर गायक-अभिनेता के समर्थन में बयान दिया। उन्होंने दिलजीत पर उठ रहे सवालों के बीच उन्हें 'माटी का सपूत' और 'सच्चा देशभक्त' करार दिया। दिलजीत दोसांझ की बहुप्रतीक्षित पंजाबी फिल्म 'सरदार जी 3' रिलीज हो चुकी है। गत 22 जून को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसमें पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर की मौजूदगी ने विवाद को जन्म दिया। फिल्म में पाकिस्तानी कलाकार को कास्ट करने के चलते सोशल मीडिया पर विरोध शुरू हो गया। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ने दिलजीत दोसांझ से सभी रिश्ते तोड़ने की अपील करते हुए निर्देशक इम्तियाज अली को एक पत्र लिखा। इसमें कहा गया है, आपका इस तरह से जुड़ना एक गहरे और विरोधाभासी संदेश को जन्म देता है। हम आपसे अपील करते हैं कि दिलजीत दोसांझ के साथ किसी भी सहयोग से पीछे हट जाएं। फेडरेशन ने भारत सरकार से मांग की है कि दिलजीत दोसांझ और 'सरदार जी 3' के निर्माताओं का पासपोर्ट रद्द किया जाए और उनकी भारतीय नागरिकता भी समाप्त की जाए।



जब एनडीटीवी के क्रिएटर्स मंच पर इम्तियाज अली से इस मुद्दे पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, मैं इस विवाद पर बहुत कुछ नहीं कह सकता, लेकिन दिलजीत को मैं जानता हूं और कह सकता हूं कि उसके अंदर देशभक्ति का जज्बा पूरी तरह से भरा हुआ है। वह माटी के सपूत हैं। आप उसके हर कॉन्सर्ट में देखेंगे कि वह भारतीय झंडा लेकर मंच पर आते हैं। कोई उन्हें ऐसा करने के लिए नहीं कहता, लेकिन वह खुद करते हैं। उन्होंने कहा कि दिलजीत बनावटी चीजें नहीं करते। 'फेकनेस' के साथ वह कुछ नहीं करते।

## 'राणा नायडू सीजन 2' में बोल्ड और इंटिमेट सीन कहानी के लिए जरूरी : अदिति शेट्टी

एक्ट्रेस अदिति शेट्टी ने 'राणा नायडू सीजन 2' में अपने बोल्ड और इंटिमेट सीन के बारे में उन्होंने कहा कि ये सीन कहानी और उनके किरदार को बेहतर तरीके से समझाने के लिए जरूरी थे। आईएएनएस से बात करते हुए अदिति शेट्टी ने कहा कि नए सीजन में बहुत कम बोल्ड सीन हैं और जो भी सीन हैं, उन्हें बहुत सोच-समझकर फिल्माया गया है। ये सीन कहानी के लिए जरूरी थे और उनके किरदार को बेहतर तरीके से समझने में मदद करते हैं। अदिति ने कहा, "सीजन 2 में वास्तव में बहुत कम बोल्ड सीन हैं और वे भी सावधानी से शूट किए गए हैं। ये सीन कहानी के लिए जरूरी थे और मेरे किरदार के सफर के लिए यह मायने रखते हैं। कुछ भी बेकार नहीं था, हमने जो भी किया, उसका उद्देश्य और गहराई थी।" अदिति शेट्टी ने बताया कि उन्होंने 'राणा नायडू सीजन 2' में काम करने के लिए हां क्यों कहा। उन्होंने कहा, "इसके कई कारण थे। मैंने पहले भी 'मिजार्पुर' में निर्देशकों के साथ काम किया था, और मैं पहले से ही 'राणा नायडू सीजन 1' की बड़ी फैन थी। जब मुझे इस किरदार के बारे में पता चला, तो मैं काफी उत्साहित हुई। मेरा किरदार बहुत दिलचस्प है और कहानी के लिए अहम है। मैं अपने किरदार से काफी प्रभावित हुई। साथ ही, सीन भी जबरदस्त थे।



# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 159 रनों से हराया

## हेजलवुड-लायन ने दिलाई जीत

**सिडनी।** बारबाडोस में खेले गए पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 159 रनों से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन के आखिरी सत्र में जोश हेजलवुड की अगुवाई में शानदार प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को 141 रन पर ऑलआउट कर दिया। नाथन लायन ने दिन की आखिरी दो गेंदों पर लगातार दो विकेट लेकर जीत पक्की कर दी। हेजलवुड ने दूसरी इनिंग में 43 रन देकर 5 विकेट लिए। यह मैच ऑस्ट्रेलिया की जीत से ज्यादा घटिया अंपायरिंग के लिए जाना जाएगा। इस मैच में अंपायर ने कुछ विवादित फैसले वेस्टइंडीज के खिलाफ दिए हैं, जिसके चलते इस मैच में हुई अंपायरिंग की जमकर आलोचना हो रही है।



ऑस्ट्रेलिया ने 10 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में वापसी करते हुए 310 रन बनाए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था और पहली पारी में मात्र 180 रन पर ऑलआउट हो गई। ट्रैविस हेड ने सर्वाधिक 59 रन बनाए थे। उन्होंने दूसरी पारी में 50 रन बनाए। वह मैन ऑफ द मैच रहे। ट्रैविस के अलावा दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए एलेक्स कैरी 65 और ब्यू वेबस्टर ने 63 रन की पारी खेली।

वेस्टइंडीज के शमार जोसेफ ने अपनी दूसरी पारी में भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए।

### दूसरी पारी में वेस्टइंडीज 7 खिलाड़ी डबल डिजिट में रन नहीं बना पाएं

वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 10 रन की बढ़त लिया था। दूसरी पारी में जीत के लिए उसे 301 का टारगेट का मिला। कैरेबियाई बल्लेबाज जोश हेजलवुड की गेंदबाजी के सामने बेबस नजर आए। वेस्टइंडीज के 7 खिलाड़ी डबल डिजिट में रन नहीं बना पाएं और कैरेबियाई टीम मात्र 141 रनों पर ढेर हो गई। उसे 159 रनों से हार का सामना करना पड़ा। वेस्टइंडीज के लिए अंतिम विकेट के लिए शमार जोसेफ (44) और जस्टिन ग्रीव्स (38 नाबाद) ने 55 रनों की साझेदारी कर थोड़ी चुनौती पेश की, लेकिन यह नाकाफी थी। नाथन लियोन ने अंतिम विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को शानदार जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में जोश हेजलवुड ने 5 विकेट लिए। इनके अलावा नाथन लायन ने दो, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क ने एक- एक विकेट लिए।

# कोलंबो टेस्ट : तीसरे दिन श्रीलंका 458 रन पर ऑलआउट

**कोलंबो।** कोलंबो टेस्ट के तीसरे दिन श्रीलंका मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। दूसरे टेस्ट में टीम ने स्टंप्स तक बांग्लादेश के 115 रन पर 6 विकेट गिरा दिए हैं। बांग्लादेश अभी भी श्रीलंका के पहली पारी के स्कोर 458 रन से 96 रन पीछे हैं। लिटन दास 13 रन बनाकर नाबाद लौटे हैं। श्रीलंका से प्रभाथ जयसूर्या और धनंजय डी सिल्वा ने 2-2 विकेट लिए।

श्रीलंका ने पथुम निसंका के शानदार 158 रन और दिनेश चंडीमल के 93 रन की बदौलत पहली पारी में 458 रन बनाए। कुसल मेंडिस ने 84 रन की तेज पारी खेली। बांग्लादेश की तरफ से तैजुल इस्लाम ने 5 और नईम हसन ने 3 विकेट लिए। बांग्लादेश की पहली पारी 247 रन पर सिमट गई थी। बांग्लादेश के लिए दूसरी पारी की शुरूआत करने आए अनामुल हक को चाय से ठीक पहले के आखिरी ओवर में असिथा फर्नांडो ने 19 रन पर पवेलियन भेजा। हक ने 2 चौका और एक सिक्स लगाए। उन्होंने शादमान इस्लाम के साथ पहले विकेट के लिए 31 रन जोड़े। शादमान इस्लाम (12 रन), मोमिनुल हक (15 रन) और मुश्फिकुर रहीम (26 रन) बनाकर आउट हुए। टीम से कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर तक पिच पर टिक नहीं सका। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो का विकेट 19 रन पर डी सिल्वा ने लिया। तीसरे दिन के स्टंप्स से ठीक पहले मेहदी हसन मिराज को थारिंदु रथनायके ने 11 रन पर छइह किया। बांग्लादेश के लिए दूसरी पारी की शुरूआत करने आए अनामुल हक को चाय से ठीक पहले के आखिरी ओवर में असिथा फर्नांडो ने 19 रन पर पवेलियन भेजा। हक ने 2 चौका और एक सिक्स लगाए।




# रोमांचक दौर में पहुंचा कराही क्रिकेट टूर्नामेंट

**फतेहपुर सीकरी।** कराही में आयोजित बिल्ड फॉर सक्सेज प्रीमियर लीग 2 क्रिकेट प्रतियोगिता में तीन टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। नगला लॉज भरतपुर, अरदाया और कल्ला चुरियारी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी टीमों को हराकर जीत दर्ज की। प्रथम मुकाबले में नगला लॉज भरतपुर ने अभूआपुरा चैलेंजर को हराया। अभूआपुरा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 64 रन बनाए, जिसे नगला लॉज भरतपुर की टीम ने मात्र 7.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। प्रशांत को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वही दूसरे मुकाबले में अरदाया ने उत्तू शमशेरा को एक रन से हराया। अरदाया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 66 रन बनाए.तीसरे मुकाबले में कल्ला चुरियारी ने एफटी किंग्स को 35 रन से हराया। कल्ला चुरियारी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 60 रन बनाए, जबकि एफटी किंग्स की टीम केवल 25 रन पर ही सिमट गई। अमित पिप्पल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सरपंच विश्वेंद्र कुमार ने बताया कि टूर्नामेंट ग्रामीण युवाओं को क्रिकेट के लिए एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अब तक 100 से अधिक टीमों ने भाग लिया है।



# अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप नेपाल में बाह के विराट को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार

बाह। नेपाल के पोखरा में खेले गये कबड्डी के फाइनल में ब्राजील को 12-9 के अंतर से हरा कर 8 वीं इंडो नेपाल अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीत ली। जीत के हीरो रहे बाह के रुदमुली गांव के विराट को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार मिला है। 21 से 24 जून तक नेपाल के पोखरा में 19 वर्ष आयु वर्ग की 8 वीं इंडो नेपाल इंटरनेशनल चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। भारतीय टीम में महाराष्ट्र, हिमाचल और यूपी के खिलाड़ी शामिल थे। जिनमें डिफेंस कॉलोनी बाह के विशाल बरुआ कप्तान, राजा यादव, रुदमुली के विराट शामिल रहे। नेपाल के खिलाफ खेले गये पहले मैच में भारतीय टीम ने 18-15 से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में टीम ने भूटान को 32-27 के अंतर से हराया। फाइनल में ब्राजील को 12-9 के अंतर से पराजित किया। जीत के हीरो बने विराट को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार मिला है। कप्तान विशाल बरुआ की शानदार रेड ने विरोधी टीमों में खलबली मचाई थी। विजेता टीम के वापस लौटने पर शुक्रवार को बीपीएस स्कूल बाह के अविनाश भदौरिया ने विराट को शानदार उपलब्धि पर सम्मानित किया। विराट बीपीएस स्कूल में इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहे हैं। विराट के पिता अनूप भदौरिया ने बेटे की प्रतिभा को तरासने वाले प्रशिक्षक रमेश भदौरिया का आभार जताया है।



# शनिवार, 28 जून राशिफल

मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन आत्मविश्वास और जोश से भरा रहने वाला है। आपकी कमाई में वृद्धि होगी और आप अपनी पसंदीदा चीजों की खरीदारी पर दिल खोलकर खर्च करेंगे जिससे आज का दिन आपका रोमांचक होगा।

आर्थिक मामलों में आज शनिवार का दिन वृषभ राशि के लिए लाभदायक रहेगा। आप अपने निजी और व्यावसायिक जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने में सफल रहेंगे। काम के साथ परिवार में भी आज आप संतुलन बनाए रख पाएंगे।

मिथुन राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आज का दिन आपकी कमाई में वृद्धि करवाएगा। लेकिन आपको आज पेंडिंग बिल भी चुकाने होंगे। कार्यस्थल पर आपको अपने सहकर्मियों के काम पर ध्यान देना होगा।

कर्क राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आज का दिन आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आएगा। आपकी व्यवसाय संबंधी कुछ योजनाएं गति पकड़ेंगी, जिससे आप धन कमाने में सफल रहेंगे। अगर आप किसी काम को लेकर चिंतित थे तो आपकी वह चिंता भी आज दूर हो जाएगी।

सिंह राशि के लिए सितारे बताते हैं कि आज आपको कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा। पारिवारिक जीवन में बच्चों के करियर और शिक्षा को लेकर चिंता रहेगी। आपको आज परिवार में आपसी सामंजस्य बनाकर चला होगा।

कन्या राशि के लोगों के लिए आज शनिवार का दिन उलझन और तनाव वाला रह सकता है। स्वास्थ्य में अचानक गिरावट संभव है। आप अपने जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाकर चलेंगे तो फायदा होगा। कार्यस्थल पर मन मुताबिक काम नहीं मिलने से आप थोड़े परेशान रहेंगे और आपका स्वभाव भी चिड़चिड़ा रहेगा।

तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन मध्यम फलदायी रहने वाला है। परिश्रम के बाद आज काम में सफलता पाएंगे। आपके कुछ खर्चे बढ़ने से आप थोड़े चिंतित रहेंगे, लेकिन प्यार से जुड़े किसी भी मामले में आपको दिल की बजाय दिमाग से काम लेने की जरूरत है।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक होगा। आप आज ऊर्जा से भरपूर बने रहेंगे। आपके बच्चे के करियर को लेकर समस्या थी तो उसमें आपको राहत मिल सकती है। आपको आज किसी काम के सिलसिले में यात्रा करनी होगी, जो आपके लिए फायदेमंद रहेगी।

धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। लेकिन आपको आज अपने काम के लिए सतर्क रहना होगा। मन मुताबिक काम मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे। यदि जीवनसाथी के साथ किसी बात पर मतभेद चल रहा है तो आज बातचीत से आपसी तालमेल और सामंजस्य बन सकता है।

मकर राशि के जातकों के लिए आज का शनिवार का दिन मिलाजुला ही रहेगा। आपको अपने लंबित और अटके काम को पूरा करने पर ध्यान देना होगा। आज कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आप पर हावी होने की कोशिश कर सकते हैं।

कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। आपको अपने परिवार के किसी सदस्य से कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है और परिवार के किसी सदस्य से आपको आज सहयोग मिलेगा।

मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन व्यापार और कार्यक्षेत्र में सफलता प्रदान करने वाला रहेगा। आप आज अपनी योजना और लगनशीलता से अच्छी कमाई कर पाएगे। लेकिन कमाई के साथ आज आपका खर्च भी बना रहेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया
आगरा

# विद्यालय बंद करने की योजना के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी 'आप': डॉ. हृदेश चौधरी

## मदिरालय बनाम पाठशाला की लड़ाई में आम आदमी पार्टी मैदान में

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 27,000 सरकारी स्कूलों को बंद करने की योजना के विरोध में आम आदमी पार्टी ने आंदोलन की घोषणा की है। ब्रज प्रांत कार्यालय पर प्रेस वार्ता में आप ब्रज प्रांत अध्यक्ष डॉ. हृदेश चौधरी ने कहा कि यह निर्णय बच्चों के भविष्य पर बुलडोजर चलाने जैसा है।

उन्होंने कहा कि राज्य में पहले ही 26,000 स्कूल बंद हो चुके हैं और अब 27,000 और बंद किए जा रहे हैं, जबकि इसी अवधि में 27,308 मदिरालय खोले गए। क्या सरकार की प्राथमिकता शराब है या शिक्षा? डॉ. चौधरी ने कहा कि स्कूल मर्ज का मतलब विद्यालय बंद करना है, जिससे लाखों शिक्षकों




और शिक्षामित्रों की नियुक्ति प्रभावित होगी। आरटीई एक्ट के तहत 6 से 14 साल के बच्चों को शिक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन वह खुद ही उसे कुचल रही है।

जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार बच्चों की घटती संख्या का बहाना बना रही है, जबकि जिम्मेदारी उसकी है कि वह सुविधाएं बेहतर कर छात्रों को स्कूल तक लाए। डॉ. हृदेश ने चेतावनी दी कि जहां-जहां स्कूल बंद होंगे, वहां आम आदमी पार्टी गांव से लेकर जिला मुख्यालय तक आंदोलन करेगी।

# डावर फुटवियर इंडस्ट्रीज में मानवता का उत्सव, रक्तदाताओं को मिला प्रशंसा पत्र

**आगरा (एनएनआई)।** सिकंदरा स्थित डावर फुटवियर इंडस्ट्रीज में श्रीराम चैरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। सुबह 11 बजे शुरू हुए शिविर में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानवता की सेवा में योगदान दिया। शिविर में रक्तदाताओं को ब्लड बैंक की ओर से उपहार, प्रमाण पत्र और एक वर्ष के लिए वोलंटरी डोनर कार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर आगरा फुटवियार मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स चैंबर (एफमेक) के अध्यक्ष पूरन डावर ने सभी रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि रक्तदान का कोई विकल्प नहीं होता, यह सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। डावर फुटवियर के प्रबंधक राजीव मिश्रा ने स्वयं रक्तदान किया और सहयोगी कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन में रमेश कुमार यादव, गोपाल सिंह, देवेंद्र उपाध्याय और रवि कुमार तिवारी का विशेष सहयोग रहा।



